राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच द्वारा 'कोरोना वायरस' से बचाव हेतु किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की

पटना, 07 अप्रैल 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज राजभवन में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच द्वारा 'कोरोना वायरस' (COVID-19) के संक्रमण से बचाव हेतु किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद सहित राजभवन के संबंधित वरीय अधिकारीगण तथा रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में 'सोशल डिस्टेन्सिंग' एवं 'सेनेटाईजेशन' का पूरी तरह परिपालन किया गया।

ज्ञातव्य है कि 'कोरोना वायरस' (**COVID-19**) के संक्रमण से बचाव के लिए राज्यपाल द्वारा अपने 'ऐच्छिक अनुदान कोष' से 19.69 लाख रूपये की राशि प्रदान की गई है, जिससे साबुन, हैंडवाश, सेनेटाईजर एवं मास्क क्रय करने, सूखा राशन पैकेट वितरित करने, कोरोना–बचाव से संबंधित लीफ्लेट आदि मुद्रित करा वितरित करने तथा रेडक्रॉस सोसाइटी के एम्बुलेंसों के लिए ईंधन आदि की आपूर्ति संबंधी कार्य किए जाने के निदेश प्रदान किए गये हैं।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री चौहान ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी को 'कोरोना' महामारी से बचाव हेतु जन–जागरूकता के काम तत्परतापूर्वक करने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि इसके लिए लीफ्लेट–हैण्डबिल आदि को आम जनता में वितरित कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी जिला पदाधिकारियों, सिविल सर्जनों एवं संबंधित नोडल पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर उनके निदेशानुरूप रेडक्रॉस के सभी 2000 कार्यकर्त्ताओं को काम करने की जरूरत है।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा कि साबुन, हैंडवाश, सेनेटाईजर आदि के वितरण में भी रेडक्रॉस कार्यकर्त्ताओं को अपनी सार्थक भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजभवन से उपलब्ध करायी गई 19.69 लाख रूपये की राशि का व्यय जिलाधिकारियों की अनुमति से सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

आगे पृष्ठ....2 पर

राज्यपाल ने कहा कि जो 13 एम्बुलेंस रेडक्रॉस के पास उपलब्ध हैं, उनका परिचालन एवं रोगियों के हित में सही उपयोग जिलाधिकारियों के मार्ग–दर्शन में सुनिश्चित होना चाहिए।

राज्यपाल श्री चौहान ने आवश्यक प्रचार–प्रसार एवं भोजन–पैकेट के वितरण के कार्य में संबंधित जिलाधिकारी, सिविल सर्जन एवं अन्य अधिकारियों के साथ पूर्ण समन्वय बनाये रखने का भी निदेश आज की बैठक में दिया। राज्यपाल ने संभावित मरीजों की पहचान–कार्य में भी स्थानीय प्रशासन को अपेक्षित सहयोग उपलब्ध कराने का निदेश भी रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों को दिया।

राज्यपाल ने कहा कि रेडक्रॉस की बिहार ब्रांच इकाई तथा सभी जिला इकाइयों को अपने चिकित्सकों एवं कार्यकर्त्ताओं के जरिये 'कोरोना महामारी' से बचाव एवं उपचार–कार्य में तत्परतापूर्वक सहयोग करना चाहिए। उन्होंने जिलों में रेडक्रॉस की गतिविधियों के सतत अनुश्रवण पर भी जोर दिया।

बैठक में राज्यपाल को रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव द्वारा यह जानकारी दी गई कि राज्य के सभी जिलों में राजभवन से उपलब्ध कराई गई राशि उपावंटित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 18 जिलों द्वारा सेनिटाईजर और मास्क–वितरण के काम उक्त राशि से प्रारंभ कर दिये गये हैं, जिससे अबतक लगभग 8000 व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं। सचिव द्वारा बताया गया कि 14 जिलों में सूखा राशन–पैकेट के वितरण का काम भी शुरू हो चुका है। तत्काल 5 जिलों में लीफ्लेट/पंपलेट आदि मुद्रित कराते हुए इनके वितरण का काम चल रहा है। 7 जिलों में एम्बुलेंस परिचालन के लिए भी उपलब्ध राशि से काम शुरू हो गया है। सचिव ने बताया कि रेडक्रॉस द्वारा राज्य में संचालित सभी 22 ब्लड बैंक पूरी तरह क्रियाशील हैं, जिनकी सेवा कोरोना–मरीजों के लिए भी आवश्यकतानुसार प्राप्त की जा सकती है।

....